कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2017/797 लखनऊः दिनांक 12 जुलाई 2017

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (N.E.E.T.) 2017 की प्रथम चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग में च्वाईस फिलिंग के संबंध में अति आवश्यक सूचना

नीट यू0जी0 2017 की प्रथम चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग/प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार सम्पन्न की जाएगीः–

ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग	दिनॉक 15 जुलाई 2017 से 16 जुलाई 2017
परिणाम की घोषणा	दिनांक 18 जुलाई, 2017
आवंटित छात्रों के आवंटन पत्र डाउनलोड करने की तिथि	दिनांक 18 जुलाई 2017 से 19 जुलाई 2017 तक
आवंटित छात्रों के सम्बन्धित कालेजों में प्रवेश की तिथि	दिनांक 20 जुलाई 2017 से 22 जुलाई 2017 तक

प्रथम चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग में च्वाईस फिलिंग/आवंटन पत्र डाउनलोड करने की कार्यवाही वेबसाईट https://upneet.gov.in पर सम्पन्न की जाएगी। नीट यू0जी0 2017 के ऐसे अभ्यर्थी, जो उत्तर प्रदेश की स्टेट मेरिट सूची में सम्मिलित हैं तथा जिनके अभिलेखों का सत्यापन दिनांक 09 जुलाई 2017 से 13 जुलाई 2017 के मध्य किया जा चुका है, ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग हेतु अर्ह होंगे।

प्रथम चक्र की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी कालेजों का विकल्प अपनी वरीयता (Priority) के क्रम में अंकित करना सुनिश्चित करें। अल्पसंख्यक श्रेणी के अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह अपना विकल्प भरते (Choice Filling) समय इच्छित कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय की अल्पसंख्यक (Minority) सीट तथा ओपेन सीट (Non-Minority/Unreserved) दोनों सीटो हेतु अपना विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी, जो दिनांक 09 जुलाई 2017 से 13 जुलाई 2017 के मध्य अभिलेखों का सत्यापन नहीं करा सके हैं, वह काउंसिलिंग हेतु अर्ह नहीं होंगे।

महानिदेशक